भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4724

उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2019

सोमवार, 31 आषाढ़, 1941 (शक)

कौशल भारत मिशन के अंतर्गत खेल

4724. श्री सी॰पी॰ जोशीः श्री संजय सेठः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 'कौशल भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत खेलों के विकास हेतु कोई पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में विद्यमान कौशलगत अंतर को दूर करने संबंधी राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद की सिफारिशों के अनुरूप कोई कदम उठाए हो और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग) माननीय प्रधानमंत्री ने पूरे देश में कौशल विकास प्रयासों को बढ़ाने और कार्यान्वित करने के लिए एक सुदृढ़ संस्थानात्मक ढांचा उपलब्ध कराने हेतु 15 जुलाई, 2015 को राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (एनएसडीएम) का आरंभ किया था।

इस मिशन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) अपनी महत्वाकांक्षी स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) (2016-20) का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमकेवीवाई (2016-20) के तहत खेल सेक्टर सहित विभिन्न सेक्टरों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन खेल सेक्टरों में अर्हता पैक विकसित किए गए हैं, उनमें फिटनेस प्रशिक्षक, जीवन रक्षक-पूल तथा बीच, खेल मालिशी, खेल कोच तथा शारीरिक गतिविधि-प्रशिक्षक हैं। 12.06.2019 तक 5557 उम्मीदवारों को खेल सेक्टर में प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके अलावा, एमएसडीई ने कुशल भारत पहल के अंतर्गत खेलकूद विकास पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए 03 जुलाई, 2015 को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से खेलकूद, शारीरिक शिक्षा, फिटनेस एवं लीज़र कौशल परिषद (एसपीईएफएल-एसससी) का गठन किया है। एसपीईएफएल-एसससी का मुख्य उद्देश्य देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा खेलकूद क्षेत्र में कौशल विकास हेतु एक मजबूत तथा जीवंत कौशल तंत्र विकसित करना है। एसपीईएफएल-एसससी को सौंपी गई जिम्मेदारी में अन्य बातों के साथ-साथ उद्योग की कार्यात्मक और व्यावहारिक मैपिंग करना और केटालॉग तैयार करना, सेक्टर में व्यवसाय/जॉब रोल विकसित करना, प्रशिक्षकों, आकलनकर्ताओं तथा प्रशिक्षार्थियों के लिए आकलन और प्रमाणन तंत्र स्थापित करना और विकसित करना है। एनएसडीसी ने अभी तक खेलकूद में कौशल अंतराल अध्ययन नहीं करवाया है।

****